दिन–गुरुवार

दिनांक– 17/07/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।

अवधि – 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल एक दिवसीय दौरे पर मोतिहारी आ रहे हैं। श्री मोदी इस दौरान सात हजार दो सौ सत्रह करोड़ रूपये की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि श्री मोदी पीएम आवास योजना, ग्रामीण के तहत चालीस हजार लाभार्थियों के बैंक खाते में एक सौ बासठ करोड़ रूपये से अधिक की राशि अंतरित करेंगे। साथ ही वे बारह हजार लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से नव निर्मित घरों की चाभी सौंपेंगे। प्रधानमंत्री चार नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन के परिचालन की भी शुरूआत करेंगे। इधर, हमारे संवाददाता ने बताया कि प्रधानमंत्री मोतिहारी में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर तैयारियो को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिला प्रशासन ने कार्यक्रम स्थल और आस–पास के क्षेत्रों में सुरक्षा–व्यवस्था बढ़ा दी है।

————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि जुलाई माह से राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को एक सौ पच्चीस यूनिट तक निःशुल्क बिजली मिलेगी। श्री कुमार ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इससे प्रदेश के कुल एक करोड़ सड़सठ लाख परिवारों को फायदा मिलेगा। इधर, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए इस योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इसका फायदा राज्य के उपभोक्ताओं को एक अगस्त दो हजार पच्चीस से मिलने लगेगा। यानि जुलाई माह के बिल से ही एक सौ पच्चीस यूनिट तक बिजली खपत फ्री हो जाएगी। श्री चौधरी ने कहा कि आगामी तीन वर्षों में सभी घरेलू उपभोक्ताओं से सहमति लेकर उनके घर की छतों या नजदीकी सार्वजनिक स्थलों पर सौर ऊर्जा संयंत्र भी लगाये जायेंगे। इसके साथ ही कुटीर ज्योति योजना के तहत अत्यंत निर्धन परिवारों के लिए सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने का पूरा खर्च राज्य सरकार वहन करेगी।

————————————————————

राज्य में बिजली के घरेलू उपभोक्ताओं को एक सौ पच्चीस यूनिट बिजली फ्री दिये जाने की सरकार की घोषणा पर प्रतिक्रियाओं का दौर शुरू हो गया है। उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने इसे गरीबों के हित में लिया गया एक ऐतिहासिक फैसला बताया है। जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने इस फैसले को क्रांतिकारी बताते हुए कहा कि इससे गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों को सीधा फायदा मिलेगा। वहीं, राजद ने इसे चुनावी स्टंट करार दिया है। राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता शक्ति यादव ने कहा कि विपक्ष के दबाव में सरकार ने फ्री बिजली देने का निर्णय किया है।

————————————————————

राज्य के अधिकतर भागों में दक्षिण–पश्चिम मानसून के सक्रिय होने से मध्यम से भारी बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों में गया, औरंगाबाद, कैमूर, रोहतास समेत राज्य के दक्षिणी जिलों में कई स्थानों पर भारी बारिश दर्ज की गई है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों तक प्रदेश के अधिकतर भागों में मध्यम से भारी बारिश की संभावना है। विभाग ने आज सीवान, सारण, भोजपुर, कैमूर, बक्सर और रोहतास समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम और दक्षिण–पश्चिम भागों में विभिन्न स्थानों पर भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान कुछ स्थानों पर वज्रपात की भी आशंका है।

————————————————————

प्रदेश में लगातार हो रही बारिश के कारण दक्षिण बिहार के कई जिलों में बाढ़ की स्थिति बन गयी है। फल्गु नदी में उफान से गयाजी और जहानाबाद जिले के कई गांवों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। कई सड़के क्षतिग्रस्त हो गयी हैं। इधर, केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा, सोन, गंडक, बागमती, कोसी और महानंदा समेत प्रदेश की विभिन्न नदियों को जलस्तर लगातार बढ़ रहा है।

————————————————————

केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने आज अपने संसदीय क्षेत्र मुंगेर के धरहरा प्रखंड में विभिन्न गांवों का दौरा किया। श्री सिंह ने जनसंवाद के माध्यम से लोगों की समस्याएं भी सुनीं।

————————————————————

अररिया जिले के नरपतगंज प्रखंड क्षेत्र में नेपाल से सटे सीमावर्ती इलाकों में एसएसबी फुलकाहा की टीम ने अभियान चलाकर अचरा गांव से भारी मात्रा में नेपाली शराब बरामद की है।

————————————————————

समाप्त